लोक सभा अध्यक्ष ने विदुषी वसुंधरा कोमकली के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 29 जुलाई, 2015: लोक सभा अध्यक्ष ने विदुषी वसुंधरा कोमकली के निधन पर शोक व्यक्त किया।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि "मुझे मशहूर शास्त्रीय गायिका विदुषी वसुंधरा कोमकली के निधन के बारे में जानकर दुःख हुआ है । सुश्री कोमकली विख्यात भारतीय शास्त्रीय गायिका थी जिन्होंने अपनी मधुर आवाज से विश्व भर के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था । प्रतिभावान कलाकार के रूप में उन्होंने अनेक सम्मानित संगीत कार्यक्रमों में गायन प्रस्तुत किया जिसके कारण भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उनकी अलग पहचान बनी । उन्होंने अपने गुरू और संगीत सम्राट कुमार गंधर्व से विवाह किया और गायन में सदैव उनका साथ दिया । इस प्रक्रिया में उन्होंने कुमार गंधर्व की अनेक प्रसिद्ध रचनाओं और उनके गायन में उनका साथ दिया । कुमार गन्धर्व के जाने के बाद भी वह उनकी यशस्वी संगीत साधना को आगे बढाती रहीं । तत्पश्चात, उनका निवास 'भानुकुल' स्वरों का केंद्र रहा है। वह पंडितजी के साथ 1963 में देवास आईं और वहीँ की होकर रह गईं । मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों और राष्ट्र के संगीत प्रेमियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं । "